परीक्षार्थी का अनुक्रमांक : | | | | | | | | |

परीक्षा का नाम: प्रश्न-पत्र कोड : KHS/NNT/2025

**2025**

# विषय: प्रवेश-परीक्षा प्रश्न पत्र

**कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर :** ..................................... **उत्तर पुस्तिका क्रमांक :** 56

---

**परीक्षक के लिए**

**खंडवार प्राप्तांक :** **कुल प्राप्तांक :**

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| अंकों में - | | | | |
| शब्दों में - | | | | |

| | |
|---|---|
| अंकों में - | |
| शब्दों में - | |

**(परीक्षक के हस्ताक्षर)**

---

समय: 3 घंटे पूर्णांक : 100

**निर्देश—** **इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं। सभी खंडों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। खंड- क, ख, ग के हर प्रश्न के आगे चार संभावित विकल्प दिए गए हैं; जिसमें से एक सही है। सही विकल्प के सामने दिए गए कोष्ठक में सही (✓) का निशान लगाइए। खंड-घ के प्रश्न हिंदी भाषा दक्षता में अभिव्यक्ति से संबंधित हैं; जो निबंधात्मक प्रश्नों के रूप में हैं।**

## खंड-क (सामान्य ज्ञान) 25×1=25

1. निम्नलिखित में से कौन-सी कृति प्रसिद्ध भारतीय लेखक श्री खुशवंत सिंह की है?

   (क) सेक्रेड गेम्स ( ) (ख) द गाइड ( )
   (ग) ट्रेन टू पाकिस्तान ( ) (घ) ए सुटेबल बाय ( )

2. 'चेरा पंहारा' अनुष्ठान किससे संबंधित है?

   (क) उड़ीसा की रथयात्रा ( ) (ख) पंजाब की बैसाखी ( )
   (ग) गुजरात की नवरात्रि ( ) (घ) पश्चिम बंगाल की दुर्गा पूजा ( )

3. निम्नलिखित में से कौन दर्पण एकेडमी ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स के सह-संस्थापक हैं?

   (क) पंडित बिरजू महाराज ( ) (ख) मल्लिका साराभाई ( )
   (ग) उदयशंकर ( ) (घ) मृणालिनी साराभाई ( )

4. भारतीय संविधान का इनमें से कौन-सा अनुच्छेद शोषण के विरूद्ध अधिकार प्रदान करता है?

(क) अनुच्छेद - 22 ( ) (ख) अनुच्छेद - 25 ( )
(ग) अनुच्छेद - 23 ( ) (घ) अनुच्छेद - 21 ( )

5. निम्नलिखित में से कौन प्रसिद्ध सितार वादक हैं?

(क) अनुष्का शंकर ( ) (ख) किशन महाराज ( )
(ग) उस्ताद रहमान खाँ ( ) (घ) अली अहमद हुसैन ( )

6. निम्नलिखित में से कौन-सा वेद सबसे पुराना वेद है?

(क) यजुर्वेद ( ) (ख) ऋग्वेद ( )
(ग) अथर्ववेद ( ) (घ) सामवेद ( )

7. किस प्रकार की सरकार नागरिकों का सम्मान बढ़ाती है?

(क) कुलीन तांत्रिक ( ) (ख) एक तांत्रिक ( )
(ग) लोक तांत्रिक ( ) (घ) राज तांत्रिक ( )

8. सलवार, कुर्त्ता, टोपी आदि जैसे सिले हुए वस्त्र भारत में किसके द्वारा लाए गए?

(क) मुगलों तथा मंगोलों ( ) (ख) अफगान तथा तुर्क ( )
(ग) कुषाण, शक तथा पर्शियन ( ) (घ) पुर्तगाली तथा अंग्रेजों ( )

9. 'दंतिदुर्ग' भारत के किस राजवंश से संबंधित था?

(क) चोल ( ) (ख) चालुक्य ( )
(ग) राष्ट्रकूट ( ) (घ) चेर ( )

10. मौसम में होने वाले सभी परिवर्तन किसके द्वारा संचालित होते हैं?

(क) चंद्रमा ( ) (ख) सूर्य ( )
(ग) तारे ( ) (घ) जेवियन ग्रह ( )

11. नए राज्य के गठन की शक्ति निहित है?

(क) संसद में ( ) (ख) राष्ट्रपति में ( )
(ग) मंत्रिपरिषद में ( ) (घ) राज्य पुनर्गठन आयोग में ( )

12. हिमाचल प्रदेश से होकर बहने वाली नदियाँ कौन-सी हैं?

(क) व्यास और चिनाब ( )
(ख) व्यास और रावी ( )
(ग) चिनाब, रावी और सतलज ( )
(घ) व्यास, चिनाब, रावी, सतलज और यमुना ( )

13. साँची का स्तूप कहाँ स्थित है?

(क) रायसेन (मध्य प्रदेश) ( ) (ख) संकिशा (छत्तीसगढ़) ( )
(ग) कुशीनगर (उत्तर प्रदेश) ( ) (घ) पाटलिपुत्र (बिहार) ( )

14. दो नदियों की उपजाऊ भूमि को कहते हैं—

(क) जल संभर ( ) (ख) जल विभाजक ( )
(ग) दोआब ( ) (घ) तराई ( )

15. भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में घने सदापर्णीवन आच्छादन के अंतर्गत विशालतम क्षेत्रफल है?

(क) हिमाचल प्रदेश ( ) (ख) अरुणाचल प्रदेश ( )
(ग) कर्नाटक ( ) (घ) उत्तराखंड ( )

16. लोकहित वाद की संकल्पना का उद्गम देश है?

(क) ऑस्ट्रेलिया ( ) (ख) भारत ( )
(ग) यू.एस.ए. ( ) (घ) यू.के. ( )

17. सरकार के संसदीय रूप का विचार कहाँ से लिया गया है?

(क) संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ( ) (ख) ब्रिटेन ( )
(ग) फ्रांस ( ) (घ) सोवियत रूस ( )

18. जब राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति दोनों के पद खाली हों, तब उनके काम कौन करेगा?

(क) प्रधानमंत्री ( ) (ख) गृहमंत्री ( )
(ग) भारत का मुख्य न्यायाधीश ( ) (घ) लोकसभा का अध्यक्ष ( )

19. आकाश गंगा वर्गीकृत की गई है—

(क) सर्पिलाकार गैलेक्सी के रूप में ( ) (ख) विद्युत गैलेक्सी के रूप में ( )
(ग) अनियमित गैलेक्सी के रूप में ( ) (घ) गोलाकार गैलेक्सी के रूप में ( )

20. सूर्य से दूरी के क्रम में निम्नलिखित में से कौन से दो ग्रह मंगल और यूरेनस के बीच हैं?

(क) पृथ्वी और बृहस्पति ( ) (ख) बृहस्पति और शनि ( )
(ग) शनि और पृथ्वी ( ) (घ) शनि और वरुण (नेप्चून) ( )

21. वर्ष 1928 में साइमन कमिशन भारत में किस उद्देश्य से आया?

(क) प्रशासनिक सुधार पर विचार के लिए ( ) (ख) शिक्षा में सुधार के लिए ( )
(ग) कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए ( ) (घ) सैनिक क्षमता के मूल्यांकन के लिए ( )

22. भू-पर्पटी में निम्नलिखित में से किसकी सर्वाधिक प्रचुरता है?

(क) कार्बन ( ) (ख) लोहा ( )
(ग) सिलिका ( ) (घ) कैल्शियम ( )

23. 'कौटिल्य का आर्थशास्त्र' का लेखक कौन है?

(क) बाणभट्ट ( ) (ख) अमीर खुसरो ( )
(ग) दिनकर ( ) (घ) चाणक्य ( )

24. प्रथम बौद्ध-संगीति का आयोजन हुआ था?

(क) अनिरूद्ध के शासनकाल में ( ) (ख) अजातशत्रु के शासनकाल में ( )
(ग) बिम्बिसार के शासनकाल में ( ) (घ) उदयभद्र के शासनकाल में ( )

25. निम्नलिखित में से किस धारा के कारण 'पेरूतट' का तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है?

(क) हंबोल्ट धारा के कारण ( ) (ख) कैलीफोर्निया धारा के कारण ( )
(ग) एल-निनो धारा के कारण ( ) (घ) क्यूरेशिया धारा के कारण ( )

## खंड-ख (शिक्षण अभिरुचि) 25×1=25

1. थार्नडाइक ने सीखने के सिद्धांत के सत्यापन के लिए अपना प्रयोग किस जंतु पर किया था?

(क) चूहा ( ) (ख) बिल्ली ( )
(ग) कुत्ता ( ) (घ) कबूतर ( )

2. मानव व्यवहार में परिवर्तन निम्नलिखित में से किस पर निर्भर है?

(क) आयु पर ( )
(ख) परिवर्तन वाले दबाव की शक्ति पर ( )
(ग) परिवर्तन वाले व्यवहार की शक्ति पर ( )
(घ) व्यवहार और दबाव दोनों की शक्ति पर ( )

3. पूर्वाग्रह एक प्रकार की–

(क) अभिवृत्ति है ( ) (ख) संवेग है ( )
(ग) मूल प्रवृत्ति है ( ) (घ) संवेगात्मक व्यवहार है ( )

4. शिक्षा के किंडरगार्टेन पद्धति के प्रतिपादक हैं–

(क) फ्रोबेल ( ) (ख) काण्ट ( )
(ग) डाल्टन ( ) (घ) हीगल ( )

5. स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण शिक्षा है। निम्नलिखित में से किसने कहा है?

(क) प्लेटो ( ) (ख) महात्मा गांधी ( )
(ग) टैगोर ( ) (घ) अरस्तू ( )

6. "बुद्धि सीखने की योग्यता है" किसका कथन है–

(क) पियाजे का ( ) (ख) बर्किंघम का ( )
(ग) पिंटनर का ( ) (घ) इनमें से कोई नहीं ( )

7. कैरेनहार्नी के अनुसार मौलिक चिंतन का विकास कब होता है?

(क) बाल्यावस्था में ( ) (ख) किशोरावस्था में ( )
(ग) व्यस्कावस्था में ( ) (घ) वृद्धावस्था में ( )

8. विद्यालय में शिक्षक के चयन के लिए यदि हमें बुद्धि-परीक्षण करना हो, तो हम चयन करेंगे–

(क) सामूहिक बुद्धि परीक्षण का ( ) (ख) क्रियात्मक बुद्धि परीक्षण का ( )
(ग) शाब्दिक बुद्धि परीक्षण का ( ) (घ) अशाब्दिक बुद्धि परीक्षण का ( )

9. प्रेरणा का अनुमान कैसे होता है?

(क) गुणसूत्र से ( ) (ख) जीन्स से ( )
(ग) व्यवहार से ( ) (घ) प्राणी की वाणी से ( )

10. व्यवहार उपागम के प्रतिपादक हैं–

(क) वाटसन ( ) (ख) बिने ( )
(ग) थार्नडाइक ( ) (घ) टिचनर ( )

11. सामाजिक अधिगम आरंभ होता है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | अलगाव से | ( ) | (ख) | भीड़ से | ( ) |
| (ग) | संपर्क से | ( ) | (घ) | दृश्य-श्रव्य सामग्री से | ( ) |

12. "दो बालकों में समान योग्यताएँ नहीं होती हैं।" किसने कहा है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | हरलॉक | ( ) | (ख) | सोरेनसन | ( ) |
| (ग) | सुरेश भटनागर | ( ) | (घ) | क्रो एंड क्रो | ( ) |

13. अच्छे चरित्र की विशेषता है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | झूठ | ( ) | (ख) | धोखा | ( ) |
| (ग) | बेइमानी | ( ) | (घ) | सहयोग | ( ) |

14. जॉन डी.वी. के अनुसार विद्यालय एक–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | विशेष वातावरण है | ( ) | (ख) | साधारण वातावरण है | ( ) |
| (ग) | तकनीकी वातावरण है | ( ) | (घ) | अनौपचारिक वातावरण है | ( ) |

15. निम्न में से स्मृति का अंग कौन-सा नहीं है–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | अधिगम | ( ) | (ख) | चिंतन | ( ) |
| (ग) | धारण | ( ) | (घ) | प्रत्यभिज्ञ | ( ) |

16. जब कोई छात्र कक्षा में उतनी सफलता नहीं प्राप्त कर सकता है, जितनी उसकी क्षमता है; तो इसका मुख्य कारण है–

| | | |
|---|---|---|
| (क) | बालक अधिक परिश्रम नहीं कर सकता है | ( ) |
| (ख) | बालक सफलता तथा क्षमता में सामंजस्य उत्पन्न नहीं कर सकता है | ( ) |
| (ग) | बालक अपनी क्षमता को कम समझता है | ( ) |
| (घ) | बालक अपनी क्षमता को अधिक समझता है | ( ) |

17. 'प्यार' के अभाव में एक बच्चे में निम्नलिखित परिवर्तन की संभावना होती है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | पिछड़ापन | ( ) | (ख) | सुस्ती | ( ) |
| (ग) | अपराधी | ( ) | (घ) | चोरी करने की इच्छा | ( ) |

18. एक छोटे बच्चे की तुलना में एक बड़ा बच्चा बहुत कम अभ्यास में ही सीढ़ी पर चढ़ने में इस कारण सफल होता है–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | शिक्षण | ( ) | (ख) | परिपक्वता | ( ) |
| (ग) | कुशलता का विकास | ( ) | (घ) | अच्छी सूझ-बूझ | ( ) |

19. प्रारंभ में बालक किस प्रकार से सीखता है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | परीक्षण द्वारा | ( ) | (ख) | सूझ द्वारा | ( ) |
| (ग) | विभेदीकरण द्वारा | ( ) | (घ) | प्रयत्न एवं त्रुटि द्वारा | ( ) |

20. पिछड़े बालक की क्या विशेषताएँ होती हैं?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | वह शरीर से कमजोर होता है | ( ) | (ख) | वह लम्बा नहीं होता है | ( ) |
| (ग) | वह दब्बू स्वभाव का होता है | ( ) | (घ) | उपर्युक्त सभी | ( ) |

21. छात्रों में सीखने की योग्यता मुख्यत: किस पर निर्भर करती है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | व्यक्तिगत भिन्नता पर | ( ) | (ख) | संस्कृति पर | ( ) |
| (ग) | परिवार पर | ( ) | (घ) | सामाजिकता पर | ( ) |

22. छात्रों द्वारा रटना कम कराने के लिए निम्न में से कौन-सा उपाय सर्वोत्तम होगा?

(क) शिक्षण-विधि में परिवर्तन कर ( )
(ख) सृजनात्मकता को बढ़ावा देकर ( )
(ग) मूल्यांकन-विधि में परिवर्तन कर ( )
(घ) पाठ्य सहगामी क्रियाओं को बढ़ावा देकर ( )

23. छात्रों में चोरी की आदत को कैसे दूर किया जा सकता है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | उदाहरण देकर | ( ) | (ख) | पारितोषिक देकर | ( ) |
| (ग) | ताड़ना देकर | ( ) | (घ) | सजा देकर | ( ) |

24. "पुरस्कार किसी प्रतिक्रिया को सुदृढ़ करते हैं तथा दंड कमजोर करते हैं।" इसको कहा जाता है—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | प्रभाव का नियम | ( ) | (ख) | अभ्यास का नियम | ( ) |
| (ग) | तत्परता का नियम | ( ) | (घ) | बारंबारता का नियम | ( ) |

25. सृजनात्मकता की पहचान होती है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | पुराने व्यवहार से | ( ) | (ख) | चित्रकला से | ( ) |
| (ग) | संगीत से | ( ) | (घ) | नवीन परिणाम से | ( ) |

## खंड-ग (हिंदी साहित्य एवं भाषा अभिरुचि) 25×1=25

1. 'बाबा बटेसर नाथ' के रचनाकार हैं—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | नागार्जुन | ( ) | (ख) | राजेन्द्र यादव | ( ) |
| (ग) | नामवर सिंह | ( ) | (घ) | महादेवी वर्मा | ( ) |

2. 'अंधायुग' किस प्रकार की रचना है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | उपन्यास | ( ) | (ख) | काव्य | ( ) |
| (ग) | काव्य-नाटक | ( ) | (घ) | नाटक | ( ) |

3. 'कोणार्क' नाटक के लेखक हैं—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | जयशंकर प्रसाद | ( ) | (ख) | जगदीश चंद्र माथुर | ( ) |
| (ग) | लक्ष्मीनारायण मिश्र | ( ) | (घ) | मोहन राकेश | ( ) |

4. राहुल सांकृत्यायन ने 'आदिकाल' को क्या नाम दिया?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सिद्धकाल | ( ) | (ख) | सामंत काल | ( ) |
| (ग) | वीरगाथा काल | ( ) | (घ) | सिद्ध सामंत काल | ( ) |

5. ज्ञानमार्गी काव्य किस काल की प्रवृत्ति है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | आदिकाल | ( ) | (ख) | भक्तिकाल | ( ) |
| (ग) | रीतिकाल | ( ) | (घ) | आधुनिक काल | ( ) |

6. निम्न में से कौन-सी रचना 'दिनकर' की नहीं है?

(क) हुँकार ( ) (ख) रश्मिरथी ( )
(ग) कुरुक्षेत्र ( ) (घ) हल्दीघाटी ( )

7. 'हिमाद्रि तुंग श्रृंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती' पंक्ति किस प्रसिद्ध कवि की रचना है?

(क) दिनकर ( ) (ख) जयशंकर प्रसाद ( )
(ग) निराला ( ) (घ) सुभद्रा कुमारी चौहान ( )

8. "अँखिया हरिदर्शन की भूखी।
कैसे रूप रस राँची एवतियाँ सुनि रूखी॥" इसमें कौन-सा रस है?

(क) संयोग श्रृंगार ( ) (ख) वियोग श्रृंगार ( )
(ग) हास्य ( ) (घ) करुण ( )

9. 'कमल नयन को छाँड़ि महातम और देव को ध्यावै' में कौन-सा अलंकार है?

(क) अनुप्रास ( ) (ख) श्लेष ( )
(ग) यमक ( ) (घ) रूपक ( )

10. 'दोहा' और 'चौपाई' कैसे छंद हैं?

(क) मात्रिक ( ) (ख) मुक्त ( )
(ग) वार्णिक ( ) (घ) वर्णिक ( )

11. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द छाँटिए?

(क) पौराणिक ( ) (ख) पुराणिक ( )
(ग) पूराणिक ( ) (घ) पौरेणिक ( )

12. 'सभा में आए हुए सभी लोग बैठ गए' इस वाक्य में 'सभा में आए हुए सभी लोग' क्या है?

(क) पद ( ) (ख) पदबंध ( )
(ग) उपवाक्य ( ) (घ) सामासिक पद ( )

13. हिंदी भाषा का कौन-सा रूप 'मानक हिंदी' के रूप में स्वीकार किया गया है?

(क) पूर्वी हिंदी ( ) (ख) पहाड़ी हिंदी ( )
(ग) खड़ी बोली ( ) (घ) पश्चिमी हिंदी ( )

14. निम्न में कौन-सा 'रचना की दृष्टि' से शब्द का भेद नहीं है?

(क) रूढ़ ( ) (ख) यौगिक ( )
(ग) योगरूढ़ ( ) (घ) विदेशज ( )

15. 'उ' ध्वनि का उच्चारण स्थान क्या है?

(क) कंठ ( ) (ख) मूर्द्धा ( )
(ग) तालु ( ) (घ) दंत्योष्ठ ( )

16. 'उत्पत्ति की दृष्टि' से कौन-सा शब्द का भेद नहीं है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | तत्सम | ( ) | (ख) | तद्भव | ( ) |
| (ग) | देशज | ( ) | (घ) | तद्धित | ( ) |

17. 'रिक्शा' किस भाषा का शब्द है, जो हिंदी में प्रचलित है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | अरबी | ( ) | (ख) | फारसी | ( ) |
| (ग) | जापानी | ( ) | (घ) | चीनी | ( ) |

18. 'कवि' किस संज्ञा का भेद है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | व्यक्ति वाचक | ( ) | (ख) | समूह वाचक | ( ) |
| (ग) | जाति वाचक | ( ) | (घ) | भाव वाचक | ( ) |

19. सर्वनाम छाँटिए?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | व्यक्ति | ( ) | (ख) | रोज | ( ) |
| (ग) | नरेश | ( ) | (घ) | तुम | ( ) |

20. 'वाग्दान' का संधि-विच्छेद होगा—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | वाक्+दान | ( ) | (ख) | वाग+दान | ( ) |
| (ग) | वाग्द+अन | ( ) | (घ) | वग+दान | ( ) |

21. निम्नलिखित में से किस शब्द का प्रयोग बहुवचन में नहीं होता है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | चिड़िया | ( ) | (ख) | प्रत्येक | ( ) |
| (ग) | दर्शन | ( ) | (घ) | साधु | ( ) |

22. निम्न में से कौन-सा शब्द 'स्त्रीलिंग' है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | चना | ( ) | (ख) | बाजरा | ( ) |
| (ग) | जौ | ( ) | (घ) | उड़द | ( ) |

23. किस कारक में 'से' विभक्ति का प्रयोग अलगाव के अर्थ में होता है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | करण | ( ) | (ख) | अपादान | ( ) |
| (ग) | संप्रदान | ( ) | (घ) | संबंध | ( ) |

24. 'राधाकृष्ण' में कौन-सा समास है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | तत्पुरुष | ( ) | (ख) | द्वंद्व | ( ) |
| (ग) | द्विगु | ( ) | (घ) | बहुब्रिही | ( ) |

25. 'अध्यापिका' शब्द में प्रत्यय है—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | का | ( ) | (ख) | पिका | ( ) |
| (ग) | आइका | ( ) | (घ) | इका | ( ) |

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर, इसी गद्यांश से लिखिए–

**अपठित गद्यांश**- मेरी समझ में दो प्रकार के भारतीय होते हैं, **एक तो वे जो अपने को भारत का मानते हैं** और **दूसरे जो भारत को अपना मानते हैं।** एक कहता है कि **मैं भारत का हूँ,** दूसरा कहता है **भारत मेरा है। एक अपने को भारत को सौंपता है, दूसरा भारत पर अपना दावा स्थापित करता है।** दुर्भाग्य यह है कि अधिसंख्य भारतीय दूसरी ही कोटि के हैं। जरूरी नहीं कि भारत में पैदा होने वाले ही भारत पर अपना दावा रखें, बहुत से लोग जो भारत से बाहर पैदा हुए, **भारत से भिन्न देश की नागरिकता प्राप्त कर ली, तब भी आवश्यकता पड़ने पर, सताए जाने पर भारत को अपना कहने लगते हैं,** क्योंकि कोई और देश उनका अपना नहीं रह जाता। उसी तरह ऐसे भी हैं, जो न भारत में पैदा हुए न भारतीय मूल के हैं और न उनकी नागरिकता पर कोई खतरा है, **पर मन में उनके कहीं उठने लगता है कि मैं भी भारत का हूँ,** क्योंकि **भारत जिन विचारों, भावों और संस्कारों की राशि है, उन विचारों, भावों और संस्कारों से मेरा मन, मेरी बुद्धि और मेरा अहंकार अभिभूत है।** आनंद कुमार स्वामी भारत में पैदा नहीं हुए, अमेरिका में अधिकतर रहे, बेटी हाइमन इंग्लैंड में रहीं, त्सिमर तो भारत आए तक नहीं, पर वे भारत के रंग में ऐसे रंगे जैसे भारत में रहनेवाले भारत के सपूत भी नहीं रंगे। राजनीतिक परिभाषा से वे भारतीय न हों पर क्या **ऐसे जनों पर राजनीति मात्र भारतीयों की राशि की राशि हम वार नहीं सकते?**

**प्र. क.** गद्यांश में रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए। 5

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

**प्र. ख.** भारतीय होने की विशेषता बताइए? 2

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

प्र. ग. भारतीय कौन? संक्षेप में बताइए? 2

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

2. निम्नलिखित में से किसी **एक** का पल्लवन कीजिए— 2

'भारतीय होने का अर्थ'

अथवा

भारतीय परंपरा में भारत

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसका संक्षेपण कीजिए और गद्यांश का शीर्षक बताइए—

**गद्यांश**- भारत की पहचान हिमालय और सागर के आधार पर की जाती रही। गंगा, गोदावरी, कावेरी, शिप्रा, मंदाकिनी, सरयू जैसी नदियाँ पुण्यदायी मानी गईं। जगन्नाथपुरी, द्वारिका, काशी, काँची, उज्जैन, मथुरा और अयोध्या नगरों को मोक्षदायिनी माना गया। विचारों और आंदोलनों की दृष्टि से पूरा भारत एक दृष्टि में रहा। सुदूर दक्षिण के शंकराचार्य ने अपने केंद्र श्रृंगेरी, पुरी, द्वारिका, और बदरीनाथ में स्थापित किए। आज भी बदरिकाश्रम की पूजा-अर्चना एक नंबूदरी पुजारी ही करते हैं। बाद में भक्ति की धारा पूरे देश में प्रवाहित हुई, काव्य-रचनाएँ प्रकाश में आईं। कला के क्षेत्र में समूचे भारत में कुछ प्रवृत्तियाँ दीखती हैं। ओडिशा में खंडगिरी- उदयगिरी और कोणार्क, महाराष्ट्र में अंजता-एलोरा तथा तमिलनाडु में महाबली पुरम और तंजावुर का वृहदीश्वर मंदिर, मदुरै और खजुराहो के मंदिर आदि भिन्न स्थानों पर पहुँचकर यही लगता है कि भारत की एक छाप इन सभी जगहों पर है।

**प्र. क.** उपर्युक्त गद्यांश का भाव-संक्षेपण कीजिए– 2

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

**प्र. ख.** उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक दीजिए– 2

..........................................................................................

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए। 10

(क) संस्कृति की धरोहर: भारतीय पर्वोत्सव

(ख) मातृभाषा में शिक्षा

(ग) भारतीयता केवल नागरिकता नहीं

(घ) हिंदी और भारतीय भाषाएँ

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

SEAL

□□